# उर्दू विभाग

## विषयः उर्दू में रोज़गार के अवसर

**27 September 2018**

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय में उर्दू विभाग में प्रोफेसर असलम जमशेद पूरी साहब उर्दू में रोज़गार के अवसर प्राप्त करने के लिये कहा कि उर्दू पढ़ने वालों को मायूस नहीं होना चाहिये। उर्दू में रोज़गार के लिये प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, T.V., फिल्म स्क्रिप्त, तरजुमा(अनुवाद) के ज़रिये उर्दू में रोज़गार मिल सकते हैं। आज का दौर इंन्फारमेशन टेक्नालाजी को दौर है। और इसके जुर जाने से उर्दू जुब़ान एक अहम जुब़ान बन गयी है। उर्दू सॉफ्टवेयर की इजाद ने उर्दू पढ़ने वालों को प्रिंट मीडिया से जोड़ दिया है।

प्रिंट मीडिया में अख़बार रिपोर्टिंग एडीटर, एडिटिंग, सहएडीटर, ग्राफिक्स डिजाइन करना कम्प्यूटर से कवर बनाना, प्रूफ रीडिंग के माध्यम से उर्दू में रोज़गार दिया जा सकता है। और उन्होंने कहा कि अपना प्रेस भी खोलना चाहिये जिसके ज़रिये किताबें प्रकाशित होंगी, और रोज़गार मिल सकता है। इसके साथ ही साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट और करियर काउसलिंग पर भी चर्चा की। अपनी शखशियत को निखारने के लिये अपने विषय का चुनाव, दिलचस्पी, भाषा पर ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह ने प्रोफेसर असलम जमशेद पूरी का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। डॉ. अल्पना अग्रवाल ने मूवमेंटों दिया और अपने विचार रखे, छात्राओं ने **प्रश्न भी पूछे, डॉ. ताहिरा परवीन ने संचालन और डॉ. आरिफा बेगम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. रितु जायसवाल, डॉ. रचना आनन्द गौड़, डॉ. शिव शंकर श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. निशी सेठ आदि अध्यापक मौजूद थे।**